हेल्थ कैंप से गरीब-असहाय लोगों को मिलता है लाभ : तोमर

सुको के न्यायाधिपति जितेन्द्र माहेश्वरी ने कहा - मातृभूमि से होता है ऊर्जा का संचार

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 28 मार्च। समय-समय पर आयोजित होने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के गरीब, असहाय लोगों को बेहतर उपचार लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कस्बा जौरा का माहेश्वरी परिवार समाजसेवा और मानव सेवा के लिए हम सबके लिए प्रेरणादायी मिसाल है।

यह बात मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर, 28 मार्च को सिविल अस्पताल जौरा के प्रांगण में स्व. मोहनप्यारी देवी माहेश्वरी स्मृति नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने शिविर का उद्घाटन करते हुए आयोजक माहेश्वरी परिवार और सेवाएं देने वाले चिकित्सकों सहित स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि जौरा हमारी मातृभूमि है, इस भूमि से हमें ऊर्जा मिलती है, इसी ऊर्जा के बूते हम मानव सेवा के कार्य को करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि पीड़िता मानवता की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है, इसी भाव के साथ गरीब, असहाय लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर नि:शुल्क हेल्थ कैंपों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि जौरा क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उनके प्रयास जारी है। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल नायक ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के लिए आवश्यकता होने पर उनके द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। शिविर के संयोजक डॉ. रवि माहेश्वरी ने बताया कि शिविर के पहले दिन 1850 मरीजों के पंजीयन किए गए। शिविर में पहुंचें मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांचें नि:शुल्क की गईं।

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी : कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, महात्मा गांधी सेवाश्रम के अध्यक्ष पीवी राजगोपाल राजू भाई, पूर्व विधायक सूबेदार रजौधा, डॉ. आरकेएस धाकड़, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, नपा जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, डॉ. अशोक सिंघल, सोनू आशीष गर्ग, दिनेश सिकरवार एडवोकेट, डॉ. सुधीर सक्सैना, सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय, बीएमओ जौरा डॉ. आरएस सैमिल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. राकेश माहेश्वरी, डॉ. विशन गर्ग, डॉ. बीएल राजपूत आदि उपस्थित थे।

अनुशासन-समर्पण और सेवा ही कार्यकर्ताओं की पहचान

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 मार्च। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत सुमावली विधानसभा के छैरा मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 28 मार्च को हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के प्रतिनिधि के रूप में उनके सुपुत्र कप्तान सिंह कंषाना उपस्थित थे।

सुमावली विस के छैरा मंडल का दो दिनी प्रशिक्षण वर्ग शुरू

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि सर्वजन के कल्याण के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। संगठन के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के ध्येय को साकार करने के लिए कार्यकर्ता समाज में अंतिम पंक्ति के पिछड़े व्यक्तियों तक पहुंचकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करें। वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन निष्ठावान कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव से आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा, संगठन, सेवा और तकनीक का संतुलित मिश्रण है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन, समर्पण और सेवाभाव ही उनकी पहचान है, जो उन्हें अन्य राजनैतिक दलों से अलग बनाती है। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर डंडौतिया, अरुण सिंह परमार, बालकृष्ण शर्मा सांटा, उर्मिला त्यागी सहित अन्य वक्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता छैरा मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने की। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन लाखन सिंह यादव ने किया।

एक नजर में

6 साल से फरार स्थाई वारंटी इंद्रवीर गुर्जर गिरफ्तार

मुरैना, 28 मार्च। कोतवाली थाने में दर्ज चोरी करने की कोशिश के मामले में विगत 6 साल से फरार चल रहे आरोपी इंद्रवीर गुर्जर को पुलिस ने 28 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली में दर्ज अपराध क्रं. 975/17 में नामजद इंद्रवीर सिंह उर्फ बंटी पुत्र मनीराम गुर्जर निवासी मदनबसई थाना नूराबाद विगत 6 साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था। 28 मार्च को मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शहर के रुई की मंडी इलाके से इंद्रवीर को दबोच कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई अरुण सिंह कुशवाह, प्र.आर. शिवप्रताप सिंह, अनिल दोहरे, आरक्षक कुलदीप जाट, सत्यम शर्मा, श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर, सूरज राठौर, अर्जुन शामिल थे।

युवक ने जहरीला पदार्थ निगला, इलाज के दौरान मौत

मुरैना, 28 मार्च। अंबाह क्षेत्र के ग्राम अधन्नपुर में रहने वाले एक युवक की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अधन्नपुर गांव निवासी बृजमोहन सखवार 19 पुत्र धर्मसिंह सखवार शुक्रवार की रात को जब अपने घर में था, तभी उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अंबाह अस्पताल ले गए, जहां से उसे मुरैना रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बृजमोहन की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

रिटायर्ड एसएएफ जवान को आया साइलेंट अटैक, हुई मौत

मुरैना, 28 मार्च। शहर के आमपुरा इलाके में रहने वाले एसएएफ के रिटायर्ड आरक्षक की शनिवार को साइलेंट अटैक आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोपालपुरा क्षेत्र के आमपुरा में रहने वाले पूरनलाल शाक्य 63 पुत्र नत्थूराम शाक्य कुछ ही साल पहले विशेष सशस्त्र बल में आरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। शनिवार की सुबह जब पूरनलाल अपने घर पर थे, तभी अचानक उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आया और वे जमीन पर गिरकर अचेत हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पत्थर का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, 1 गिरफ्तार

मुरैना, 28 मार्च। सिहौनिया पुलिस ने पत्थर का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सिहौनिया थाना प्रभारी एसआई अतुल सिंह परिहार ने अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर कोलुआ रोड पर रूअरिया के पास चैकिंग शुरू की। इसी दौरान पत्थर से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। ड्राईवर मौके पर खनिज के रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में एसआई अतुल सिंह परिहार, एएसआई राकेश बाबू भास्कर, प्र.आर. प्रवीण कुमार, आरक्षक प्रदीप, अनमोल, बृजभूषण, जयवीर, असगर खान शामिल थे।

दंगल-घुड़दौड़ प्रतियोगिता : हरिसिद्धि माता मंदिर पर हुए रोचक मुकाबले, पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

नवभारत न्यूज

मुरैना। कुंतलपुर गांव में स्थिति मां हरिसिद्धि देवी के मंदिर पर शनिवार को अखिल भारतीय दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के पहलवान जुटे। कुश्ती मुकाबले 50 रुपए की इनामी राशि से शुरू हुए। इसके बाद 100 रुपए, 500 रुपए, 1100 रुपए, 2100 रुपए, 5100 रुपए, 11 हजार रुपए, 21 हजार रुपए तक पहुंचे। फाइनल मुकाबला 51 हजार रुपए का हुआ, जिसमें रसीलपुर (आगरा) के पहलवान हरेंद्र और दिल्ली के कपिल धामा के बीच रोचक मुकाबला हुआ। तकरीबन 5 से 7 मिनट तक चले मुकाबले में दोनों पहलवानों ने अपने-अपने दांवपेंच दिखाए। अंतत: मुरैना के हरेंद्र पहलवान ने दिल्ली के कपिल धामा को पीछटते हुए मुकाबला जीत लिया।

रसीलपुर के हरेंद्र ने दिल्ली के कपिल को पछोडक़र जीती 51 हजार की कुश्ती

इससे पूर्व कुश्ती मुकाबले का शुभारंभ महादेव गिर महाराज के सानिध्य में हुआ। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने आखरी कुश्ती जीतने वाले हरेंद्र पहलवान को 51 हजार रुपए की की इनामी राशि और गदा देकर पुरसकृत किया। इस मौके पर राघवेन्द्र सुल्तान सिंह हर्षाना, जिपं अध्यक्ष आरती गुर्जर, विधायक दिनेश गुर्जर, वीरेन्द्र सिंह हर्षाना नाका, हमीर सिंह पटेल, वीरेंद्र सिंह हर्षाना रांसू, मेला कमेटी की ओर से सरपंच नरेश पाठक, कोकसिंह हर्षाना, रुस्तम सिंह हर्षाना, परिमाल सिंह हर्षाना आदि लोग मौजूद रहे।

जौरा: करील धाम में हुआ विशाल दंगल, विजेता को मिला 11 हजार का पुरस्कार : चचिहा स्थित मां करील वाली माता के स्थान पर हर साल की तरह इस बार भी विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें एमपी, यूपी, राजस्थान के पहलवान शामिल हुए। मुकाबले में पहलवानों ने अपने-अपने दांवपेंच दिखाए। जिसमें विजेता पहलवान को 11 हजार की नगद पुरस्कार राशि रामबीर त्यागी चचिहा द्वारा दी गई।

सुमावली: निटहरा में बिना मुकाबले के ऋषिकेश् पहलवान ने जीती 3100 की कुश्ती : निटहरा गांव में काली माता मंदिर पर अखिल भारतीय दंगल का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें ग्वालियर, आगरा, हरियाणा, दिल्ली के पहलवानों ने शिरकत की। पहली कुश्ती 500 रुपए से शुरू हुई, जो बढ़ते-बढ़ते 1100, 2100 रुपए तक पहुंच गई। फाइनल मुकाबला 3100 रुपए की इनामी राशि के लिए हुआ, जिसमें मेवदा के ऋषिकेश पहलवान ने ताल ठोक दी। लेकिन एक घंटे तक इस मुकाबले में लडऩे के लिए कोई दूसरा पहलवान नहीं आया। अंतत: ऋषिकेश को विजेता घोषित किया गया।

घुड़दौड़ में हरिमोहन रंचौली की घोड़ी जीती, 1100 का पुरस्कार मिला

नाका गांव में ही शुक्रवार को घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल चार घोडियां शामिल हुईं। इनमें तीन घोडियां रंचौली गांव के घुड़सवार लेकर आए और चौथी घोड़ी थोगापुरा से आई। घुड़दौड़ के रोचक मुकाबले में रंचौली के हरिमोहन की घोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 1100 रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।

संकल्प से समाधान अभियान में मुरैना को प्रदेश में तीसरा स्थान

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 मार्च। संकल्प से समाधान अभियान में मुरैना जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने टाउनहॉल में जिलास्तरीय कार्यक्रम में बताया कि 12 जनवरी से 26 मार्च 2026 तक चले इस अभियान के दौरान जिले में 22 विभागों द्वारा 97 सेवाओं के अंतर्गत कुल 1,46,087 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1,43,900 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 1,178 आवेदन अस्वीकृत हुए।

कलेक्टर बोले समन्वय और सक्रियता से मिली सफलता

कलेक्टर ने बताया कि यह उपलब्धि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों और शिविरों के माध्यम से किए गए प्रभावी कार्य का परिणाम है।

अभियान के दौरान लगभग डेढ़ लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, पीएम स्वनिधि, भवन निर्माण अनुज्ञा, नल-जल योजना, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, मातृत्व वंदन, लाड़ली लक्ष्मी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के बड़ी संख्या में आवेदन शामिल रहे। इसके साथ ही खसरा-खतौनी प्रतिलिपि, चालू नक्शे, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, आयुष्मान भारत, श्रमिक पंजीयन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं में भी व्यापक स्तर पर कार्यवाही कर अधिकांश आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र धाकरे, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यों में देरी, ठेकेदार पर 5 लाख की पेनल्टी

उज्जैन. जिले में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों में देरी पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित ठेकेदार पर पांच लाख रुपये की पेनल्टी लगाई है. संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने खजूरवाली मस्जिद से केडी गेट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति और निर्माण में देरी पाए जाने पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए.

एकता का संदेश देने पुलिस ने निकाली साइक्लोथोन रैली

नवभारत न्यूज

मुरैना, 28 मार्च। सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 28 मार्च को साइक्लोथोन रैली का आयोजन किया गया। इस साईकिल रैली के माध्यम से पुलिस के जवानों ने आमजन को एकजुटता का संदेश देकर राष्ट्र को सशक्त और श्रेष्ठ बनाने का आव्हान किया।

बल्लभभाई पटेल की जयंती पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजन

मुरैना शहर में साईकिल रैली का शुभारंभ 5वीं वाहिनी परिसर से प्रारंभ हुई।

5वीं वाहिनी के सैनानी निश्चल झारिया ने रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में उप सैनानी 5वीं वाहिनी कमल मौर्य, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, निरीक्षक बृजमोहन माहौर, चेतन सिंह बैस, पुलिस लाईन के 60, विशेष सशस्त्र बल के 60, एनसीसी-एनएसएस के 50 कैडेट्स सहित दो सैकड़ा से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिले भर में आयोजित हुई साईकिल रैलियों में छह सैकड़ा से अधिक लोग शामिल हुए।

स्व. पदमादेवी स्मृति नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज लगेगा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 मार्च। अग्रवाल समाज के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग के मार्गदर्शन में अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल संघ मुरैना के तत्वाधान में कैलाशचंद बंसल एवं बंसल परिवार मुरैना-ग्वालियर द्वारा पद्मावती बंसल की पावन स्मृति में विशाल नि: शुल्क स्वास्थय चिकित्सा शिविर का आयोजन आज 29 मार्च को गांधी मैरिज होम बाल निकेतन रोड मुरैना पर किया जाएगा।

सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक होने वाले इस शिविर में डॉ. देवकुमार गर्ग दंत एवं मुख कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण मंगल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र यादव, डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. एसी बंसल, डॉ. रामप्रकाश शर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. आकाश छारी न्यूरो सर्जन, डॉ. संजीव बांदिल एवं डॉ. वैभव भण्डारी हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डॉ. कुलदीप शर्मा चर्मरोग विशेषज्ञ, डॉ. दीप्ति जैन स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, डॉ. सूर्यकांत शर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. गौरव गोयल मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शरद शर्मा पाइल्स रोग विशेषज्ञ, डॉ. शरद गर्ग फिजीशियन, डॉ. अशोक राजौरिया हीमेटोलॉजिस्ट, डॉ. एमएल बंसल स्पाईन स्पेशलिस्ट, डॉ. शांति बंसल डॉ. श्रुति बंसल बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे।

आम सूचना

श्रीमती अरूणा पत्नी श्री रवि कुमार शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित खारे कुआ के पास, ग्राम जौरा, प.ह.नं.55, तहसील जौरा एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पंचायत जौरा वार्ड क्र. 11 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 801/1/1/1/1 एवं 801 ग्राम जौरा का भाग है जिसका क्षेत्रफल 1960 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में भूखण्ड संजय कुमार गुप्ता, पश्चिम में-भूखण्ड ललिता दुबे, उत्तर में रास्ता 18 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भूखण्ड कुशवाह है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री संजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री संजय कुमार गुप्ता द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती वंदना पत्नी श्री दिलीप सिंह चौहान एवं श्रीमती रंजना सिकरवार पुत्री श्री बलवीर सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .एमपी25822018ए1064943 दिनांक 29.01.2018 से विक्रय की गई थी। श्रीमती वंदना एवं श्रीमती रंजना सिकरवार द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती अरूणा पत्नी श्री रवि कुमार शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25822023ए12316434 दिनांक 31.08.2023 से विक्रय की गई थी। उक्त सम्पति के स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 29.01.2018 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्रीमती अरूणा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 29.01.2018 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड ग्वालियर के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक

नीरज जैन, एडवोकेट

कार्या. - भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)

मो.नं. 98276-72710